पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी

——————

लखनऊः 01 अक्टूबर, 2023

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

अपने संदेश में उन्होंने कहा कि, ''गांधी जयंती हम सभी के लिए शांति और अहिंसा पर महात्मा गांधी के आदर्शों के प्रति खुद को फिर से समर्पित करने का एक अवसर है।'' उनका जीवन और कार्य हम सभी के लिए सहिष्णुता और सम्मान की प्रेरणा है। उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों से गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित स्वच्छांजलि कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।

राज्यपाल जी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनका भी स्मरण करते हुए कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी को उनकी सादगी और निर्णायकता के लिए पूरे देश में सराहा जाता है। बहुत ही महत्वपूर्ण और कठिन समय में उनका नेतृत्व इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा. उनकी जयंती पर मैं उन्हें शत शत नमन करती हूँ।

———————

कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9454468250